## आप क्या कर सकते हैं

1. **संकेत जानें।** हमारे संकेतक कार्डों (Indicator Cards) का ऑर्डर भेजें जो 17 भाषाओं में बटुए के आकार के सुविधाजनक कार्ड हैं जिनमें मुख्य संकेत हैं। आप अपने स्थानीय क्षेत्र में उन लोगों में ये कार्ड बाँट सकते हैं जो पीड़ित व्यक्तियों के संपर्क में आ सकते हैं। अतिरिक्त जानकारी यहाँ प्राप्त करें: *www.dhs.gov/bluecampaign.*

2. **मानव तस्करी (human trafficking) के बारे में गुप्त सूचना दें।**

   **संदिग्ध मानव तस्करी कार्यकलाप के बारे में सूचित करने या संघीय कानून प्रर्वतन (federal law enforcement) से सहायता पाने के लिए 1-866-347-2423 पर फोन करें या www.ice.gov/tips पर गुप्त सूचना ऑनलाइन भेजें।**

   पूरी दुनिया में व्यक्ति वर्ष के किसी भी दिन, सप्ताह में सातों दिन, चौबीसों घंटे Homeland Security Investigations (HSI) की Tipline को संदिग्ध आपराधिक कार्यकलाप के बारे में सूचित कर सकते हैं। इस Tipline से पूरी दुनिया से **802-872-6199** पर कॉल करके संपर्क साधा जा सकता है। उच्च प्रशिक्षित विशेषज्ञ HSI द्वारा लागू किए गए 400 से अधिक कानूनों जिनमें मानव तस्करी से संबंधित कानून भी सम्मिलित हैं, के अंतर्गत जनता और कानून का प्रवर्तन करने वाली एजेंसियों से रिपोर्टें प्राप्त करते हैं।

   **निम्न के लिए राष्ट्रीय मानव तस्करी संसाधन केंद्र (National Human Trafficking Resource Center - NHTRC) को 1-888-373-7888 पर फोन करें:**


   - आपके क्षेत्र में सहायता प्राप्त करना और किसी सेवा प्रदाता (service provider) से संपर्क करना;
   - संभावित मानव तस्करी कार्यकलाप के बारे में सूचना प्रदान करना; या
   - प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता या संसाधनों का अनुरोध करके और अधिक जानना।

   NHTRC देश में कहीं से भी, चौबीसों घंटे कॉलों का उत्तर देने के लिए उपलब्ध राष्ट्रीय, मुफ्त हॉटलाइन है और यह एक गैर-सरकारी संगठन द्वारा संचालित की जाती है।

3. **स्वयं को और अपने समुदाय को सजग करें।** मानव तस्करी और उन संकेतकों के बारे में, जो आपको जानने चाहिए, जानकारी प्राप्त करने के लिए हमारा मुफ्त, इंटरएक्टिव ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करें और अपने जानकार लोगों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहें। इस वेबसाइट पर जाएं: *www.dhs.gov/bluecampaign.*

4. **इसका प्रचार करें!** अपने साथियों को Blue Campaign, हमारे द्वारा प्रदान किए जाने वाले अनेक कार्यक्रमों और इनके तरीकों के बारे में अपने परिवार और किसी भी इच्छुक व्यक्ति को बताएं। *www.dhs.gov/bluecampaign* पर उपलब्ध।

5. **Blue Campaign की वेबसाइट देखें।** अतिरिक्त प्रशिक्षण, आउटरीच सामग्री, पीड़ित व्यक्ति सहायता सामग्री और इस संबंध में सूचना के लिए कि आप मानव तस्करी समाप्त करने के लिए संघर्ष में कैसे सम्मिलित हो सकते हैं, इस वेबसाइट पर जाएं: *www.dhs.gov/bluecampaign.* हमें Facebook पर "Like" करें: *www.facebook.com/bluecampaign.* या हमसे इस पते पर संपर्क करें: *BlueCampaign@hq.dhs.gov.*



पीड़ित व्यक्ति की पहचान

NGO,
विश्वास आधारित समूह

# आप क्या कर सकते हैं?

*मानव तस्करी के पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करना और इसके संदिग्ध मामलों के बारे में सूचित करना*

BLUE CAMPAIGN
One Voice. One Mission. End Human Trafficking.™

# आप क्या कर सकते हैं?

*मानव तस्करी के पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करना और इसके संदिग्ध मामलों के बारे में सूचित करना*

## पीड़ित व्यक्ति आसानी से नज़र आ सकते हैं

अध्यापक, नर्सें, सामाजिक कार्यकर्ता, धार्मिक नेता और गैर-सरकारी संगठन (NGOs) समुदाओं के सदस्य हैं और इनके द्वारा मानव तस्करी के पीड़ित व्यक्तियों के संपर्क में आने और इनकी पहचान और सहायता करने की संभावना होती है। आपको मानव तस्करी के लक्षणों और संकतों के बारे में जानना चाहिए। यह पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करने और मानव तस्करों को कानून के हवाले करने का पहला चरण है जिससे आपके समुदाय को सुरक्षित रखने में सहायता मिल सकती है।

## मानव तस्करी के पीड़ित व्यक्ति हमारे समुदायों में हैं

## इनकी आयु, प्रजाति, लिंग या नागरिकता, अमरीकी नागरिकता सहित, कुछ भी हो सकती है

उनके पास कानूनी आप्रवास दर्जा हो सकता है या नहीं भी हो सकता। पीड़ित व्यक्ति वैध और अवैध श्रम क्षेत्रों में पाए जाते हैं; कुछ को अच्छे वेतन वाली नौकरी देने के झूठे वायदे या यहाँ तक कि प्रेम से भी ललचाया जाता है। ये पूजा के स्थानों, स्कूलों, घरों, होटलों, रेस्तरांओं, निर्माण स्थलों, फार्मों, बस और रेल के स्टेशनों, हवाई अड्डों, पड़ोस के पार्कों, ट्रक स्टॉपों और हाइवे के विश्राम क्षेत्रों; या मालिश पार्लरों, बारों और स्ट्रिप क्लबों में पाए जा सकते हैं। अक्सर, उनसे ज़बरदस्ती या बलपूर्वक घरेलू नौकर, खेत या फैक्टरी श्रमिक या ज़बरदस्ती श्रम के अन्य प्रकार के काम या सेक्स का धंधा (वेश्यावृत्ति) करवाया जाता है। संघीय कानूनों के अंतर्गत ऐसे प्रत्येक अवयस्क को मानव तस्करी का पीड़ित व्यक्ति माना जाता है जिसे सेक्स के धंधे के लिए प्रेरित किया जाता है।

## मानव तस्कर कैसे काम करते हैं

मानव तस्कर उन लोगों को शिकार बनाते हैं जो सामाजिक रूप से कम सुरक्षित होते हैं या असुरक्षित होते हैं। वे ऐसे लोगों की खोज करते हैं जो विविध कारणों से कमज़ोर होते हैं जिनमें आर्थिक कठिनाई, घर में हिंसा, प्राकृतिक आपदाएं या राजनीतिक अस्थिरता सम्मिलित हैं। मानव तस्कर लोगों को फंसाने और गुलाम बनाने के लिए विविध प्रकार के तरीकों का उपयोग करते हैं जिनमें हिंसा या हिंसा की धमकी ही नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक रूप से पीड़ित करना भी सम्मिलित है, पर इस तक ही सीमित नहीं है। यह सदमा इतना गहरा हो सकता है कि हो सकता है कि कुछ लोग स्वयं को पीड़ित न मानें या बहुत अधिक व्यक्तियों की मौजूदगी में भी सहायता के लिए न कहें।

मानव तस्कर प्रायः निम्नलिखित द्वारा काम करते हैं:

- हिंसा का उपयोग करना या व्यक्ति या व्यक्ति के परिवार के सदस्यों को धमकाना;
- व्यक्ति को नुकसान पहुँचाना या उसे भोजन, पानी या नींद जैसी बुनियादी ज़रूरतों से वंचित रखना;
- प्रेम या साथ निभाने के झूठे वायदे करना;
- अच्छी नौकरी और घर के झूठे वायदे करना;
- पीड़ित व्यक्ति को धार्मिक सभाओं में जाने से रोकना;
- मित्रों या परिवार से संपर्क सीमित करना;
- आने-जाने की आज़ादी को सीमित करना;
- व्यक्ति के पहचान दस्तावेज़ों को कब्ज़े में ले लेना;
- देश से निकालने या कानून प्रवर्तन कार्रवाई की धमकी देना; और/या
- कथित ऋणों का भुगतान करने के लिए व्यक्ति का वेतन ले लेना।

## मानव तस्करी के संकेत

पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करके और गुप्त सूचना देकर आप कानून प्रवर्तन अधिकारियों को पीड़ित व्यक्तियों तक राहत पहुँचाने के लिए सहायता करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं और आप संभावित रूप से जान बचा सकते हैं। आप पीड़ित व्यक्तियों का चिकित्सा और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल, शरण, रोज़गार प्रशिक्षण और कानूनी सहायता जैसी सेवाओं से संपर्क करा सकते हैं जिससे उनकी स्वतंत्रता और गरिमा बहाल की जा सके। आपकी सुरक्षा के साथ-साथ पीड़ित व्यक्ति की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। किसी संदिग्ध मानव तस्कर का कभी सीधे मुकाबला करने या पीड़ित व्यक्ति को अपने संदेह के बारे में सचेत करने का प्रयास न करें। निम्न में से किसी संकेत की मौजूदगी या गैर-मौजूदगी आवश्यक रूप से मानव तस्करी का प्रमाण नहीं है। मानव तस्करी के संदिग्ध मामलों की जाँच-पड़ताल करना कानून प्रवर्तन अधिकारियों का उत्तरदायित्व है।

- क्या व्यक्ति परिवार, मित्रों, सामुदायिक संगठनों या पूजा-स्थलों से कटा हुआ लगता है?
- क्या बच्चे ने स्कूल जाना छोड़ दिया है?
- क्या व्यक्ति के व्यवहार में अचानक या नाटकीय परिवर्तन आया है?
- क्या किशोर सेक्स के धंधे में संलिप्त है?
- क्या व्यक्ति भ्रमित या घबराया हुआ है या मानसिक या शारीरिक दुर्व्यवहार के संकेत प्रकट कर रहा है?
- क्या व्यक्ति के शरीर पर ऐसी खरोंचें है जो ठीक होने के अलग-अलग चरणों में हैं?
- क्या व्यक्ति भयभीत, डरपोक या दब्बू है?
- क्या व्यक्ति भोजन, पानी, नींद या चिकित्सा देखभाल से वंचित किए जाने के संकेत प्रकट करता है?
- क्या व्यक्ति प्रायः किसी ऐसे व्यक्ति के साथ होता है जिसकी वह बात मानता है? या किसी ऐसे व्यक्ति के साथ होता है जिसका स्थिति पर नियंत्रण प्रतीत होता है, जैसे वह कहाँ जाए या किससे बात करे?
- क्या ऐसा लगता है कि व्यक्ति को यह सिखाया गया है कि वह क्या कहे?
- क्या व्यक्ति अनुपयुक्त परिस्थितियों में रह रहा है?
- क्या व्यक्ति के पास निजी चीज़ों की कमी है और ऐसा लगता है कि उसकी रहन-सहन की स्थिति सुव्यवस्थित नहीं है?
- क्या व्यक्ति को कहीं भी आने-जाने की स्वतंत्रता है? क्या व्यक्ति उस स्थान से मुक्त रूप से जा सकता है जहाँ वह रहता है? क्या अनुचित संरक्षा उपाय मौजूद हैं?

BLUE CAMPAIGN
One Voice. One Mission. End Human Trafficking.™